मौज कर दी | by Sachin Shyam Premi

बिन मांगे बिन बोले बाबा झोली मेरी तूने भर दी
वाह मेरे बाबा मौज कर दी , वाह मेरे बाबा मौज कर दी

जबसे आया दर पे तेरे दूर हुई हर बदहाली
घर में मेरे हर पल ही छाई हुई है खुशहाली
दूर हो गयी चिंता सारी दूर हुई हर सिरदर्दी
वाह मेरे बाबा मौज कर दी , वाह मेरे बाबा मौज कर दी

नाम से तेरे मेरे बाबा मेरा सारा काम चले
करने वाले आप सांवरे मेरा जग में नाम चले
बेदर्दी ये दुनिया सारी तू ही सच्चा हमदर्दी
वाह मेरे बाबा मौज कर दी , वाह मेरे बाबा मौज कर दी

हार के आया जग से बाबा तूने मेरा साथ दिया
कर ना पाया काम जो कोई बिन बोले वो काम किया
दीपक झूमे नाचे गाये कृपा बाबा ऐसी कर दी
वाह मेरे बाबा मौज कर दी , वाह मेरे बाबा मौज कर दी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8c%e0%a4%9c-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%80-by-sachin-shyam-premi/